
**The Ano Rectal Clinic**
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

**रमज़ान मुबारक**
बाईसवां रोज़ा इफ्तार 02 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:34 बजे
शिया - 04:32 बजे
तेईसवां रोज़ा सहरी 03 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:40 बजे
शिया - 04:29 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
जाकिया बेगम (प्रधान)
पत्नी
फुरकान अली
ग्राम पंचायत कटिया बुजुर्ग विकास खंड सिंधौली जनपद शाहजहांपुर
आफताब प्रधान पुत्र

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# खुटार की अस्थाई गोशाला में दो दिन में सात पशुओं की मौत

## खाली पड़ी गोशाला की चन्नी, भूख से मौत की आशंका, कई पशु हैं बीमार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** पशुओं को पालने के लिए बनाई गई अस्थाई गोशाला सात पशुओं का काल बन गई। बीते दो दिनों में गांव सिमरा वीरान में स्थित अस्थाई गोशाला में सात पशुओं की मौत हो चुकी है। अभी और भी पशु बीमार हैं। गोशाला में पशुओं को चारा डालने वाली चन्नियां खाली पड़ी हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि पशुओं की मौत भूख से हुई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेजुबान पशुओं को पनाह देने के लिए शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में गोशाला खुलवाई हैं। गोशालाओं में पशुओं को बेहतर सुविधाएं दी जानी हैं, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। सुविधाओं के अभाव में पशु मर रहे हैं। गांव सिमरा वीरान में राजकीय गोसदन के पास अस्थाई गोशाला में दो दिन के दौरान सात पशुओं की मौत हो जाने से तमाम सवाल उठ रहे हैं। सोमवार को गोशाला में भूसे की चन्नी खाली पड़ी मिली, इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि शायद पशुओं की मौत भूख प्यास से हुई होगी। ग्रामीणों ने तमाम आरोप ग्राम प्रधान व सचिव पर लगाए हैं।

अस्थाई गोशाला में करीब छह सौ पशु हैं। देखरेख ग्वाले वीरेंद्र, अरुण, रजनेश, बलराम, सुरेश, प्रदीप, महेंद्र, भूरे, सुरेंद्र और राममूर्ति करते हैं। देखरेख की जिम्मेदारी प्रधान, सचिव पर है। ग्वालों ने बताया कि दो दिन दिन से भूसा नहीं है। तेज धूप में भूख से पशु बिलख रहे हैं। गोशाला में हरा चारा भी नहीं है। केवल पानी पीकर पशु भूख मिटा रहे हैं। पशुओं को चारा और भूसा नसीब नहीं होने से हड्डियो का ढांचा दिखाई पड़ने लगा है। बदइंतजामी से रविवार को गोशाला में चार पशुओं की मौत हो गई। उसके दूसरे दिन सोमवार को फिर से तीन पशुओं ने दम तोड़ दिया। साथ ही कई पशु बीमार हैं, जो दम तोड़ने के कगार पर पहुंच गए हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी बेजुबान पशुओं की तरफ देखने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। देखा जाए तो गोशाला सिर्फ दिखावा ही बनकर रह गई है।

### घूम-घूम कर चारे की तलाश कर, थककर जमीन पर गिरते रहे गोवंश

अस्थाई गोशाला में पशुओं की संख्या तो बढ़ी है पर उनका दर्द किसी जिम्मेदार को नहीं दिखता है। दो दिनों से भूसा तक नसीब नहीं हुआ। बेजुबान पशु कह नहीं सकते, लेकिन आंखों से आंसुओं को बहाकर अपनी पीड़ा बयां कर रहे हैं। बाउंड्री में घूम-घूम कर चारे की तलाश करते रहे और थककर जमीन पर गिरते रहे। दृश्य इतना मार्मिक था कि देखने वालों की आंखों से आंसू आ गए।

### 16 ट्रॉली गोबर बेचा फिर भी भूसा नहीं

अस्थाई गोशाला में हरा चारा तो दूर पशुओं को अब भूसा तक नसीब नहीं हो रहा है। भूख से निढाल होकर वह जमीन पर गिरकर दम तोड़ रही है। हाल ही में प्रधान ने करीब 16 ट्रॉली गोबर बेचा था। इसका पैसा कहां गया। इस बात की कोई जानकारी नहीं है। अगर उसी पैसे से पशु के लिए भूसा खरीदा जाता तो शायद जान जाने से बच जाती और बीमार न पड़ते। जिम्मेदारों को इस बात का फर्क नहीं पड़ता है।


खाली पड़ी पशुओं की चन्नी। ● अमृत विचार

### चारा, मशीन और वाहन तक नहीं, अव्यवस्थाओं के चलते स्थिति दयनीय

अस्थाई गोशाला में सात सौ पशु पल रहे हैं, लेकिन खास बात यह है कि उनके खाने को हरा चारा तक नहीं है और न ही चारा मशीन है। करीब एक वर्ष से चन्नी में भूसा डालकर खिलाया जा रहा है। साथ ही गोशाला में वाहन नहीं है। गोशाला में अव्यवस्थाओं के चलते स्थिति दयनीय हालत में है, लेकिन अधिकारी इस बात से बिलकुल बेखबर हैं। भूसा भरने वाली जगह का शटर टूट चुका है। करीब नौ माह से ऐसी ही हालत में है। सूचना जिम्मेदारों को दी गई। फिर भी ध्यान नहीं दिया गया।

"मैं आज छुट्टी पर हूं। जानवर मरने की जानकारी नहीं है। प्रधान से गोशाला में भूसा पहुंचने के लिए कहा गया था। कुछ भूसा प्रधान द्वारा गोशाला पहुंचा गया है। छुट्टी से वापस आकर भूसे की और व्यवस्था कराई जाएगी। **-महेशकांत पांडेय**, सचिव महोलिया वीरान

"गोशाला में भूसा न होने की जानकारी नहीं है। मामले की जांच कराई जाएगी। अगर पशुओं के लिए भूसा आदि की व्यवस्था नहीं की जा रही है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। **- डॉ. अपराजिता सिंह**, सीडीओ शाहजहांपुर

"मामले की जानकारी हुई है। गोपालकों से बात की गई तो पता चला है कि दो दिन से गोशाला में भूसा नहीं है। भूसे की व्यवस्था कराई गई है। मौके पर पहुंच कर जांच की जाएगी। **- नमित दीक्षित**, ब्लॉक प्रमुख

# 50 दिन बाद भी लाखों के जेवरात चोरी का खुलासा नहीं

संवाददाता, पुवायां

● **राज्यसभा सांसद और एसपी दे चुके हैं घटना के खुलासे के निर्देश**

**अमृत विचार :** 50 दिनों के बाद भी चार लाख के जेवरात चोरी के मामले में पुवायां पुलिस के हाथ खाली हैं। जबकि घटना के खुलासे के लिए राज्यसभा सांसद और एसपी सहित तमाम अधिकारी निर्देश दे चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक से पीड़ित एक महीना पूर्व उनके कार्यालय में जाकर मिला था। सीसीटीवी फुटेज में शाहजहांपुर के महिला थाना के पास डग्गामार गाड़ी से उतर कर पैदल मोबाइल पर बात करते हुए जाता संदिग्ध दिखाई दिया था। उसका चेहरा भी साफ नजर आ रहा है। सीसीटीवी में मोबाइल पर बात करते हुए दिखाई दे रहे व्यक्ति की कॉल डिटेल तक नहीं निकलवाई जा सकी है। ऐसे में पुलिस के सभी आश्वासन नेताओं की तरह सिर्फ वादे साबित हो रहे हैं। पीड़ित पत्रकार राजेश गुप्ता मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत की है। पत्रकार के जेवरात चोरी का खुलासा 50 दिन बाद भी नहीं हो पाने से पुलिस अधीक्षक और मुख्यमंत्री के दावों पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। पीड़ित एसपी से बात करने का प्रयास करता है तो फोन उनके पीआरओ उठाते हैं। पत्रकार लगातार खुलासे की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।

# नहीं आई डीएनए रिपोर्ट, अधजले शव का रहस्य बरकरार

अमरदीप रस्तोगी, रोजा

● **19 दिसंबर 20 को इलेक्ट्रिक की दुकान में लगी थी आग, अगले दिन दुकान में मिला था अधजला शव**
● **गुमशुदा बेटे का शव होने के संदेह पर करीब डेढ़ साल पूर्व माता पिता का लिया गया था सैंपल**
● **रोजा पुलिस व दुकानदार ने पशु का बता रेलवे अस्पताल के पीछे तालाब किनारे फेंक दिया था शव**

**अमृत विचार :** करीब डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी डीएनए रिपोर्ट न आने पर अधजले शव का रहस्य मात्र रहस्य बनकर रह गया है। चर्चा थी कि डीएनए टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद इस रहस्य से पर्दा उठ जाएगा, लेकिन रोजा पुलिस इस घटना से पर्दा उठाना नहीं चाहती है क्योंकि शायद इस पर्दाफाश से सफेदपोश व खाकी दोनों बेनकाब हो जाएंगे।

ज्ञात रहे कि 19 दिसंबर 20 को रोजा अड्डे पर नईम की मोबाइल और इलेक्ट्रिक की दुकान में रात करीब एक बजे आग लग गई थी। दूसरे दिन सुबह दुकान के अंदर एक तो अधजला शव बरामद हुआ था। जिसे थाना रोजा पुलिस व दुकान स्वामी ने जानवर का बताकर रेलवे अस्पताल के पीछे तालाब के किनारे फेंक दिया था। जब शव इंसान के होने की चर्चा हुई तो अधिकारी पहुंच गए थे। पशु चिकित्सक को बुलाकर जांच कराई गई। पशु चिकित्सक डा. आदित्य गोयल ने इंसानी शव होने की संभावना जताई थी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। पोस्टमार्टम में भी इंसानी शव की पुष्टि हुई। पोस्टमार्टम के बाद शव के शरीर से एक कड़ा, एक ताबीज व अधजला अंडरवियर मिला था। हालांकि बंद दुकान के अंदर आग लगने की घटना संदिग्ध है क्योंकि दुकान में बिजली कनेक्शन न होने के कारण शॉट सर्किट की भी संभावना नहीं थी। सवाल यह उठता है कि आखिर बंद दुकान के अंदर कोई व्यक्ति कैसे घुसा था और आग कैसे लगी थी? वहीं घटना के दिन आरसी मिशन थाना क्षेत्र के फतेहपुर रेती से अभिषेक यादव नाम का एक युवक लापता था। जिसकी गुमशुदगी लिखाने के लिए थाने में उसका पिता रामऔतार पहुंचा था। मामला आरसी मिशन और रोजा थाने के बीच में वह फंस कर रह गया था। आखिर आरसी मिशन पुलिस ने 15 फरवरी 21 को उसके बेटे की गुमशुदगी दर्ज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। तब से अभिषेक का पिता रामऔतार पोस्टमार्टम के दौरान मिले सामान की तस्दीक करने के लिए डेढ़ साल से अधिकारियों की चौखट पर चक्कर लगाता रहा। आखिर उसकी मेहनत सफल हुई। पांच अक्टूबर को रोजा पुलिस की मौजूदगी में पुलिंदा खोला गया था। पुलिंदे में कड़ा व ताबीज देखकर उसने तस्दीक की कि ये सामान उसके ही बेटे अभिषेक का है। सामान की तस्दीक होने के बाद पुलिस ने डीएनए टेस्ट की कार्रवाई शुरू कर दी थी।

### खुलासे के बेहद करीब पहुंच गए थे तत्कालीन थाना प्रभारी

बताया जाता है कि तत्कालीन थाना प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा इस घटना के बेहद करीब पहुंच गए थे और उन्होंने डीएनए के लिए अधिकारियों से अनुमति मांगी थी, लेकिन किन्हीं कारणों से अनुमति नहीं मिली थी। तमाम कोशिशों के बाद नवंबर 2022 को मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष संभावित पिता रामौतार व मां सुमन का सैंपल लेकर लैब में भेजा गया। लैब में जांच करने के बाद इसकी पुष्टि होती कि वह शव अभिषेक यादव का ही था या किसी अन्य का। लैब से रिपोर्ट मिलने के बाद आगे जांच की जाएगी, लेकिन लंबा अरसा बीत जाने के बाद भी डीएनए टेस्ट रिपोर्ट नहीं आ पाई।

"डीएनए रिपोर्ट आने में समय लगता है। दो बार रिमाइंडर भेजा जा चुका है, इसके बाद भी डीएनए की रिपोर्ट नहीं आ सकी है फिर रिमाइंडर भेजा जा रहा है। **-राजीव कुमार**, थाना प्रभारी

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** सुजातपुर तिराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया। क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी पवन(22) पुत्र भैयालाल गांव के ही अनोखेलाल(62) के साथ सोमवार को बाइक से गांव देवकली जा रहे थे। पूर्वाहन लगभग 11 बजे जैसे ही बाइक सुजातपुर तिराहे के पास रोड पर पहुंची, तभी शाहजहांपुर की ओर से आ रहे हैं ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर योगेंद्र बहादुर ने एंबुलेंस से घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

## सार-संक्षेप

### तमंचे के साथ जिला बदर समेत दो गिरफ्तार



**जलालाबाद।** पुलिस ने अलग-अलग स्थान से दो जिला बदर समेत दो तमंचाधारी युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों को कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने हार गोरिया की पुलिया के पास से गांव रुस्तमपुर निवासी सचिन को गिरफ्तार किया। आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल किया था। जिसके आधार पर उस पर कार्रवाई की गई। आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं दूसरी तरफ नगर के श्रीराम टॉकीज वाली गली से पुलिस ने मोहल्ला गौसनगर निवासी आयुष को गिरफ्तार किया। आरोप है कि वह जिला बदर अपराधी था और जिले की सीमा में घूम रहा था। पकड़े जाने पर उसके पास से 12 बोर का एक तमंचा, दो कारतूस बरामद हुए।

### जहर से आशा वर्कर की मौत, हत्या का आरोप



**शाहजहांपुर।** मनुआवारी गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि बेटी के बच्चे न होने पर ससुराल वालों ने जहर देकर मार डाला है। सिंधौली क्षेत्र के गांव मनुआवारी निवासी रूप राम की शादी 12 साल साल पहले सावित्री देवी (32) निवासी इंदलपुर थाना बंडा के साथ हुई थी। वह सिंधौली विकासखंड क्षेत्र में आशा वर्कर थी। शादी के बाद उसको कोई बच्चा नहीं हुआ। रविवार की रात 9 :00 बजे महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। ससुराल वाले उसे देर रात मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर सुनकर मृतका के पिता राम किशन पहुंचे। उनका आरोप है कि शादी के बाद उसके बच्चे न होने पर ससुराल वाले धमकी देते थे। साथ ही दहेज के लिए भी परेशान करते थे। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसकी बेटी को जहर देकर मार डाला है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पत्नी को पीटने पर 151 में चालान

**सेहरामऊ दक्षिणी।** क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी सर्वेश पुत्र लल्लू आए दिन शराब पीकर पत्नी को पीटता था। सुबह शराब पीकर फिर पत्नी सावित्री को पीटा तो उसने थाने में आकर शिकायती पत्र दिया। जिस पर पुलिस ने उसके पति सर्वेश को गिरफ्तार करके 151 में चालान कर दिया।

# पुरानी रंजिश में बाइक सवार से मारपीट, रुपये छीनने का आरोप

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार :** अल्हागंज क्षेत्र के गांव राज किराया निवासी शिव शंकर पुत्र कन्हई ने क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 31 मार्च को वह जरूरी काम से शाहजहांपुर गया था। जलालाबाद फर्रुखाबाद रोड पर गांव की तरफ जाने के लिए मुड़ने लगा तो पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उनके ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर जमकर मारा पीटा।

आरोपियों के पास असलहा भी थे। मारपीट में उनके सिर, कमर व हाथ में चोट आई। आरोपियों ने पीड़ित की जेब में रखे हुए 22000 रुपये निकाल लिए व बाइक छीन ली। पीड़ित को जान से मार डालने की नीयत से तमंचे से फायर भी किया। पीड़ित ने घटना की सूचना 112 पुलिस पर दी। पीड़ित के भाई ने थाना अल्हागंज पुलिस को घटना की तहरीर दी, लेकिन थाना पुलिस ने न तो उसका डॉक्टरी परीक्षण करवाया और न ही न ही एफआईआर दर्ज की। पीड़ित ने सीओ जलालाबाद को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।


शिव शंकर।

"पीड़ित का जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रुपए छीनने का आरोप गलत है। मारपीट हुई है। **-अजय कुमार राय**, क्षेत्राधिकारी।

# युवक ने फंदे पर लटक कर दी जान


घटनास्थल पर पर जांच करती पुलिस व एकत्र बड़ी संख्या में ग्रामीण। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **बबूल के पेड़ पर लटका मिला बवनेश का शव**

**अमृत विचार :** एक युवक ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। उसका शव थाना परौर क्षेत्र में हैदलपुर व सिमरमंजा के बीच से जाने वाले रास्ते पर बबूल के पेड़ पर लटका मिला।

पुलिस ने मामले की जानकारी कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया। थाना कलान के गांव श्रीनगर निवासी नरसिंह यादव का परिवार थाना जलालाबाद के गांव मगटोरा रह रहा है। उनके छह बेटे और चार बेटियां हैं। पांचवें नंबर का बेटा बवनेश उर्फ नन्हे नोएडा में पराग फैक्ट्री में होली से पहले नौकरी करने गया था। वह वापस गांव मंगटोरा लौट रहा था। हैदलपुर व सिमरमंजा के बीच से जाने वाले रास्ते पर बबूल के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर थाना परौर पुलिस व मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। थाना परौर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता नरसिंह, माता व भाइयों का रो रोकर बुरा हाल है।

# बब्बर खालसा आतंकी संगठन से बोल रहा हूं, 24 घंटे में कर दी जाएगी परिवार की हत्या

संवाददाता, पुवायां

● **नानकमत्ता के सेवादार बाबा तरसेम सिंह के बाद अब तुम्हारा नंबर**
● **व्हाट्सएप पर आई कॉल के बाद से सिख फार्मर का परिवार दहशत में**
● **जांच में जुटी पुलिस, कोतवाल बोले- यूके का है नंबर**

**अमृत विचार :** क्षेत्र के सिख फार्मर बलजीत सिंह को बब्बर खालसा आतंकी संगठन ने फोन कर परिवार सहित 24 घंटे में हत्या करने की धमकी दी है। धमकी से भयभीत फार्मर ने कोतवाली में तहरीर दी, जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं कोतवाल का कहना है कि फार्मर का कोई बाल भी बांका नहीं कर पाएगा।


पीड़ित बलजीत सिंह।

क्षेत्र के बिलंदपुर गांव के रहने वाले बलजीत सिंह बग्गा ने दी गई तहरीर में बताया कि उसके पास सोमवार को लगभग 3:40 बजे एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने पूछा आप बलजीत सिंह बोल रहे हैं, जब बलजीत ने कहा कि बोल रहे हैं, तो उसने कहा आपका बेटा अविदीप सिंह कहां है, तो बलजीत ने कहा बताओ क्या बात है, तो उसने कहा बात कराओ, बलजीत ने कहा मुझसे ही बात कर लो, तो उसने कहा कि मैं पुलिस लाइन से बोल रहा हूं, जब बलजीत ने उससे कहा कि सच-सच बताओ तो उसने कहा मैं बब्बर खालसा आतंकी संगठन से बोल रहा हूं। पीछे से काफी आवाज आ रही थी। कुछ देर बाद उसने कहा 24 घंटे में तुम्हारे पूरे परिवार की हत्या की जाएगी जितनी पुलिस लगानी हो लगा लो।

नानकमत्ता गुरुद्वारा के सेवादार बाबा तरसेम सिंह के बाद अब तुम्हारा ही नंबर है। कॉल आने के बाद सिख फार्मर बलजीत सिंह बहुत ही भयभीत हो गए और उन्होंने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। कोतवाल से मुकदमा दर्ज कर व्हाट्सएप नंबर समेत मामले की जांच करने की मांग की।

"बलजीत की तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है, जिस नंबर से कॉल आई है वह यूके का नंबर है। पुलिस पूरी तरीके से मुस्तैद है। बलजीत सिंह का कोई बाल भी बांका का नहीं कर पाएगा। **- प्रदीप राय**, कोतवाल

# रेंजर ने वाचर के परिजनों को दी 80 हजार की आर्थिक मदद

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** सिहुरा बीट के सरायं जंगल में आग बुझाने के दौरान गांव महुआ पिमई निवासी वाचर कृष्णपाल की मौत के मामले में थानाध्यक्ष संजय कुमार और वन विभाग के रेंजर मनोज श्रीवास्तव के समझाने पर परिजन अंतिम संस्कार को राजी हो गए। रविवार रात को रेंजर ने 80 हजार रुपये कृष्णपाल की पत्नी सत्यवती को सौंपे। परिजनों ने सोमवार को वाचर के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

खुटार के सिहुरा बीट वन चौकी (कंपार्टमेंट नंबर दो) के सरायं जंगल में 30 मार्च को आग लग गई थी। गांव महुआ पिमई के रहने वाले कृष्णपाल की संदिग्ध परिस्थितियों में आग बुझाने के समय मौत हो गई थी। परिजनों के साथ ही अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेज दिया था। शव घर पहुंचा तो अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। सत्यवती ने छह लाख नगद व बेटे छत्रवीर को नौकरी की मांग की थी। 31 मार्च को पुलिस और वन विभाग समझाने में डटे रहे। देर रात एक लाख की जगह 80 हजार में परिजन राजी हो गए । पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्टअटैक से होना सामने आया है।

"वाचर कृष्ण पाल की मौत के मामले में परिजनों से देर रात तक बात हुई। जिसके बाद मृतक की पत्नी को 80,000 रुपये की धनराशि दी गई है। साथ ही उच्च अधिकारियों से बात कर बेटे को नौकरी दिलाने की बात कही गई। जिसके बाद परिजनों ने सोमवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। **- मनोज श्रीवास्तव**, रेंजर खुटार

# बाजार में महंगा बिक रहा गेहूं, प्रशासन केंद्रों पर जबरन करा रहा तौल

## जबरदस्ती गेहूं खरीद का आरोप लगा मंडी सचिव कार्यालय में किसानों ने किया धरना- प्रदर्शन

संवाददाता, रोजा


भाकियू टिकैत गुट के जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह धारीवाल से वार्ता करते सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार।

**अमृत विचार :** रोजा मंडी में किसानों का गेहूं जबरन क्रय केंद्रों पर तौले जाने का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने मंडी सचिव कार्यालय के बाहर जमकर हंगामा किया और धरने पर बैठे गए। हंगामे की सूचना पर रोजा मंडी सभापति और सिटी मजिस्ट्रेट भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने किसान यूनियन को आश्वासन दिया कि डीएम से वार्ता कर समस्या का समाधान किया जाएगा। वहीं, गेहूं खरीद को लेकर फ्लोर मिल मालिकों और रोजा मंडी आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारियों से लंबी वार्ता चली, लेकिन कोई भी निर्णय नहीं लिया जा सका।

सोमवार को डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडे व मंडी सचिव प्रवीण कुमार अवस्थी ने गेहूं खरीद को लेकर फ्लोर मिल मालिकों व रोजा मंडी आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सरकारी गेहूं खरीद में सहयोग करने को लेकर वार्ता की। वार्ता के दौरान ही भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह धारीवाल, मंडी सचिव कार्यालय के बाहर पहुंच गए और प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। भाकियू जिलाध्यक्ष का आरोप है कि मंडी में खुले बाजार में आढ़तियों के यहां किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य से अधिक दाम में खरीदा जा रहा है, लेकिन खाद्य प्रशासन जबरन किसानों का गेहूं क्रय केंद्रों पर ले जाकर तौल करा रहा है। जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों के साथ हो रहे अन्याय को यूनियन बर्दाश्त नहीं करेंगी।

भाकियू के हंगामे की सूचना मिलते ही मंडी सभापति सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार मौके पर पहुंच गए। उन्होंने रोजा मंडी आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारियों से वार्ता कर भाकियू कार्यकर्ताओं से धरना स्थल पर पहुंच कर वार्ता की। सिटी मजिस्ट्रेट ने भाकियू जिलाध्यक्ष को आश्वासन दिया कि डीएम से बात कर समस्या का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडे, मंडी सचिव प्रवीण कुमार अवस्थी के अलावा भाकियू के युवा जिलाध्यक्ष निरंकार सिंह, रजनीश पाल, मुकेश पांडेय, अमृत सिंह, रीता देवी आदि मौजूद थे।

- **सिटी मजिस्ट्रेट ने दिया आश्वासन, फ्लोर मिल मालिकों व आढ़ती एसोसिएशन से हुई वार्ता**

### किसानों पर कोई बाध्यता नहीं

**डिप्टी आरएमओ रोजा।** डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडे रोजा मंडी पहुंचे और उन्होंने भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह धारीबाल से वार्ता करने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि किसानों को यदि किसी व्यापारी से समर्थन मूल्य से अधिक दाम मिल रहे हैं तो किसान अपना गेहूं वहां बेच सकता है। किसानों पर कोई बाध्यता हैं। डिप्टी आरएमओ के आश्वासन के बाद भाकियू ने अपना धरना स्थगित कर दिया।


रोजा मंडी में धरने पर बैठे किसान। ● अमृत विचार


वार्ता कर बाहर आते रोजा मंडी आढ़ती व्यापार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## खुलेआम हो रहा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन


सरकारी योजना की जानकारी देने वाला बोर्ड अब भी लगा हुआ है।

**पुवायां, अमृत विचार :** चुनाव आयोग ने भले ही आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने के लिए अधिकारियों से लेकर पुलिस विभाग को कड़े निर्देश दे रखे हों, लेकिन आयोग के आदेशों का कोई असर नहीं पड़ रहा है। जिसके चलते खुलेआम आचार संहिता की धज्जियां उड़ती नजर आ रही हैं।

लोकसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा हो चुकी है। 16 मार्च को आचार संहिता लागू होते ही पालिका प्रशासन और पुलिस ने अभियान चलाकर नगर में लगे हुए विभिन्न राजनीतिक दलों के होर्डिंग, बैनर, पोस्टर उतार लिए और वॉल पेंटिंग पुताई करा दी थी। लेकिन उपजिलाधिकारी कार्यालय के निकट तहसील में एक पार्टी की होर्डिंग लगी हुई है। जिससे योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सीएचसी के गेट के पास एक हाई मास्ट लाइट अस्पताल परिसर की रोशनी के लिए लगी है। उस पोल पर एक नेता का फोटो लगा है। वहीं अस्पताल के दूसरे गेट की दीवार पर एक होर्डिंग लगा है, जिस पर सत्ताधारी पार्टी के नेताओं के फोटो साफ दिखाई दे रहे हैं।

## रिजल्ट के साथ पुरस्कार पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे


परीक्षाफल दिखाते बच्चे व साथ में शिक्षक। ● अमृत विचार

**पुवायां, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय जसवंतपुर में वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवनीश कुमार और ग्राम प्रधान राकेश कुमार ने परीक्षा फल वितरित कर मेधावियों को सम्मानित किया।

कक्षा पांच में नैंसी देवी ने प्रथम, इशांत कुमार, देवेश कुमार व बेबी ने द्वितीय स्थान व शांति देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर नोडल संकुल शिक्षिका पल्लवी वर्मा मौजूद रही। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। प्रधानाध्यापक अवनीश कुमार और ग्राम प्रधान राकेश कुमार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अच्छे से पढ़ाई करने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर पल्लवी वर्मा, अलका दुबे, मोहन लाल समेत कई अभिभावक थे।

## किसानों को बुढ़ापे में दी जाए पेंशन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विभिन्न मुद्दों को लेकर भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंप कर कार्रवाई की मांग की।

यूनियन की मासिक पंचायत सिंचाई विभाग डाक बंगला परिसर शाहजहांपुर में हुई। अध्यक्षता प्रेमशंकर वाजपेई व संचालन वेदपाल सिंह आर्य ने किया। जिसके बाद विभिन्न मुद्दों को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जिस प्रकार से सरकारी कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद पेंशन दी जाती है ठीक उसी प्रकार सभी का पेट भरने वाले अन्नदाता को 60 वर्ष की उम्र पूरी करने पर 10,000 मासिक पेंशन दी जाए और जिन किसानों की असमय मृत्यु हो जाती है उनके परिवार को भरण पोषण के लिए 10,000 मासिक पेंशन और 25 वर्ष की उम्र तक उनके बच्चों को फ्री प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा दी जाए। सत्यव्रत आर्य ने कहा कि जिन्होंने कृषि कार्य हेतु एलटी कनेक्शन ले रखे हैं उन्हें सरकार अपनी तरफ से फ्री ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाए क्योंकि एलटी कनेक्शन पर सिंचाई के लिए सबमर्सिबल पंप नहीं चल पा रहे हैं। चंद्रपाल सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में संपर्क मार्गों का डामरीकरण कराया जाए। गयादीन वर्मा ने कहा कि जनपद में छुट्टा पशुओं से किसान बेहाल हैं। सरकार की ओर से बनाई जा रही गोशालाएं छुट्टा पशुओं का समाधान नहीं कर पा रही हैं। अतः सरकार इसके लिए ठोस कदम उठाए व छुट्टा पशुओं का स्थाई समाधान करे।

पंचायत में जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, जिला संगठन मंत्री सत्यव्रत आर्य, ब्लॉक अध्यक्ष सिंधौली चंद्रपाल सिंह, रामस्वरूप यादव, लल्ला सिंह, वेदपाल सिंह आर्य, सतीश बाबू, गयादीन वर्मा, दीपक, हरदयाल वर्मा, शैरुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

- **सिंचाई विभाग के डाक बंगला परिसर में हुई मासिक पंचायत**

## जेवा रोड से मोहम्मदी रोड तक सर्विस लेन बनवाए जाने की मांग

- **भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी**

**पुवायां।** शाहजहांपुर से खुटार तक बन रहे हाईवे पर जेवा रोड से मोहम्मदी रोड तक सर्विस लेन बनवाए जाने की मांग को लेकर किसान यूनियन ने एसडीएम संजय कुमार पांडेय को ज्ञापन सौंपा। भाकियू तहसील अध्यक्ष अनिल सिंह यादव के नेतृत्व में क्षेत्रीय लोगों ने डीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि पुवायां खास, सतवा बुजुर्ग, चौसेड़ा गांव, नगर के मोहल्ला तरती बाजार, देवस्थान, मोहल्ला छावनी के रहने वाले लोगों के लिए नए बन रहे हाईवे पर सड़क पार करने में समस्या होगी, अगर सड़क नहीं बनती है, तो लोगों को काफी दूर से घूम कर आना पड़ेगा, इसलिए जनहित में मोहम्मदी रोड और जेवा रोड के बीच तक सर्विस लेन का निर्माण कराया जाए। कुछ स्थानीय निवासियों की खेती सड़क के इधर और उधर दोनों तरफ है, उन्हें अपनी फसल उठाने और जोतने के लिए बड़ी लंबी दूरी तय करने के बाद खेत तक जाना पड़ेगा। इसलिए सर्विस लेन जनहित में बहुत ही आवश्यक है। वहीं किसान यूनियन के नेताओं ने कहा उपरोक्त मांगे यदि अतिशीघ्र नहीं मानी गई तो किसान यूनियन क्षेत्रीय लोगों के साथ आंदोलन करने के लिए विवश होगा। ज्ञापन देने के दौरान विनय मिश्रा, सपना शर्मा, श्री कृष्ण जाटव, वीरपाल, सुमन लता, राकेश कुमार अमित शुक्ला, सूरज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## कौन कहेगा...जाम लड़ाते बैठकर कोतवाल के साथ

संवाददाता, पुवायां


कवि आरएल श्रीवास को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

- **बार एसोसिएशन के होली मिलन समारोह में हुआ काव्य पाठ**
- **बार संघ अध्यक्ष ने कवियों को किया सम्मानित**

**अमृत विचार :** बार एसोसिएशन की ओर से स्थानीय सभागार में सोमवार को होली मिलन समारोह में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इफको के वाइस चेयरमैन बलवीर सिंह की अध्यक्षता और चिकित्सक, समाज सेवी डॉ. प्रदीप शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में हुए कार्यक्रम का संचालन कवि रामबाबू शुक्ला ने किया। रवि पांडेय चिंतक ने मां सरस्वती की वंदना की।

इस दौरान कवि डॉ. प्रदीप वैरागी ने सुनाया- कौन कहेगा, अब उन्हें जिन पर उनका हाथ। जाम लड़ाते बैठकर, कोतवाल के साथ।। जोगीरा सारा रा रा रा

कवि प्रदीप पांडेय व्योम ने सुनाया- मोहब्बत, अदावत, वफा, बेरुखी सभी तूने वख्शी, तेरा शुक्रिया!

कवि रामबाबू शुक्ला ने सुनाया- खुली हुई आंखों में उसके स्वाभिमान की गाथा थी। हाथ तिरंगा थाम खड़ी आंखों में भारत माता थी।।

कवि अरविंद पंडित ने सुनाया- तुमने तो मन की अभी गांठ नहीं खोली है। यह कैसी होली है यह कैसी होली है?

तेजपाल जोशी निर्धन ने सुनाया- माफिया और डॉन शिक्षा मंदिरों में क्या घुसे, शिक्षा का वातावरण सारा प्रदूषित हो गया।

इस दौरान रवि पांडे चिंतक, संतोष श्रद्धा, आरएल श्रीवास ने भी काव्य पाठ किया। इस अवसर पर बार संघ अध्यक्ष सुनील पाठक ने सभी कवियों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कुमार गौरव शुक्ला, सियाराम शुक्ला, राकेश चंद्र गुप्ता, अरुण सक्सेना, सूर्य कुमार, जय शंकर अवस्थी, प्रभाकर मिश्रा, विनय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## देश का भविष्य हैं बच्चे


परीक्षाफल दिखाते बच्चे व मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** कृष्णा पब्लिक स्कूल जन्यूरी में स्कूल प्रबंधक राजेश शर्मा व प्रधानाचार्य संदीप सिंह ने बच्चों को परीक्षा फल वितरित किए। इस दौरान छात्र अभय वर्मा, अमित कुमार, लतीक वर्मा, अनामिका, प्रिंस, त्रसिका, अनिकेश शर्मा, प्रतीक, रामगोपाल, तनु सिंह, शालिनी आदि बच्चों को सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंधक ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। इस दौरान उप प्रधानाचार्य भगवानदास, चीफ प्रॉक्टर गजेंद्रपाल गंगवार, जितेंद्रपाल गंगवार, सत्यवीर गंगवार, हरिदर्शन गंगवार, जोगेंद्र, सतीश कुमार, अरीबा खान, शमा सैयद, प्रिया मैम, नीतू मैम, प्रमिला मैम, नाजिया मैम, साजिया मैम, ज्योति बाला, प्रीति रानी गुप्ता जेबलाल गंगवार आदि मौजूद रहे

फ्री डेन्टल इलाज
INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES BAREILLY Excellence towards profession
स्थान:- डेन्टल कॉलेज
पीलीभीत वाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर चौराह के पास बिचपुरी मोड
(रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज कैम्पस)
प्रस्तुत करता है
स्वच्छ दंत अभियान
एक और कदम स्वच्छता की ओर
दिनांक :- 02 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ
06 अप्रैल 2024 को समापन
सुविधाऐं
★ मुफ्त परामर्श, ★ मुफ्त रजिस्ट्रेशन
★ मुफ्त दांतों की सफाई
★ मुफ्त दांतों का निकालना
अन्य इलाज सस्ते दरों पर
नोट - बच्चों के दाँतों के इलाज की सभी आधुनिक सुविधाऐं उपलब्ध है।

## पुवायां मंडी में अब तक हो चुकी 256 क्विंटल गेहूं की खरीद

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** सरकार के आदेश पर एक महीना पूर्व खोले गए सरकारी गेहूं क्रय केंद्र कागजों में तो कार्यरत हैं, लेकिन मार्च भर गेहूं का एक दाना भी नहीं खरीदा जा सका।

पहली अप्रैल को पुवायां मंडी स्थल पर लगे हुए आरएफसी के 10 गेहूं क्रय केंद्रों में से आरएफसी सिक्स केंद्र पर 47 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद होने की जानकारी आरएफसी विभाग के एएमओ रामकृष्ण दुबे दी है। मंडी स्थल पर इस वर्ष विभिन्न गेहूं खरीद एजेंसियों के 31 खरीद केंद्र लगे हैं। जिनके बैनर मंडी स्थल के टिन शेड वाले चबूतरों पर पिछले एक महीने से लगे हुए हैं।

मंडी स्थल पर आरएफसी विभाग के 10 गेहूं खरीद केंद्र के बैनर लगे हुए हैं। मंडी आफिस से जानकारी मिली है कि अब तक विभिन्न खरीद एजेंसियों के केंद्रों पर कुल 256 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई। गेहूं की फसल तैयार न होने से खरीद पिछड़ रही है।

Bareilly International University
Dental College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
REQUIREMENT
Accountant (04)
Fresher may apply.
Qualification - B. Com, M. Com, CA trainee
CA drop candidate, CA intermediate.
Basic knowledge of Accounting
software is must.
Contact Number/WhatsApp - 9568131000

## होली मिलन में बच्चों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **कनौजिया स्कूल में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का आयोजन**

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का होली मिलन समारोह सोमवार को डॉ. जीएल कनौजिया स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने गीत, नृत्य, कविता पाठ आदि प्रस्तुतियां देकर खूब वाहवाही लूटी।

कार्यक्रम की शुरुआत सभा के संरक्षक सीए संजय सक्सेना ने भगवान श्री चित्रगुप्त के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर की। सत्यम निगम ने गणेश वंदना तथा अंतरा सक्सेना ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया। जिला अध्यक्ष कृपा शंकर सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। संचालन प्रशांत सक्सेना, दीपशिखा सक्सेना, डॉ. बरखा सक्सेना, विजया सक्सेना ने संयुक्त रूप से संचालन किया। प्यारे मोहन सक्सेना, आरबी श्रीवास्तव, वीरेंद्र सक्सेना, डॉ. विजय जौहरी, अमित जौहरी, अवनीश कुमार सक्सेना, तिलहर सभासद दिलीप सक्सेना, शरद राही, कामिनी सक्सेना, पवन कुमार सक्सेना, मंजुला सक्सेना, पूनम श्रीवास्तव, मीरा सक्सेना, संगीता सक्सेना, दीपा सक्सेना, अवनीश सक्सेना समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।



समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

## गायत्री शक्तिपीठ में धूमधाम से मनाया गया होली मिलन



**शाहजहांपुर।** गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा में सोमवार को होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से आपसी सद्भाव और प्रेम का संदेश दिया गया। भगवती सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने विचार क्रांति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजाराम मौर्य ने जिले में युग ऋषि के साहित्य का पुस्तक मेला लगवाने का विचार रखा। तय हुआ कि शीघ्र ही पुस्तक मेला की कार्य योजना तैयार की जाएगी। साथ ही 2026 में माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ करने का आह्वान किया। जनपद में अखंड ज्योति कलश यात्रा के माध्यम से प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया। यूपी गुप्ता, जमुना देवी, दुर्गेश, रंजीत वर्मा, निर्मल आदि ने भी विचार व्यक्त किए। ग्लेरिंग पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आशुतोष शुक्ला ने स्कूल में यूथ सेमिनार कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में राम निवास त्रिवेदी, रत्ना ने भजन, शिवानी, मंजू, गीता आदि ने कविता पाठ किया। भजनों पर लोगों ने नृत्य भी किया। इसी क्रम में कौशलेंद्र मिश्र ने काव्य पाठ किया। संचालन जिला समन्वयक सूरज वर्मा ने किया।

